भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4131**
19 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

**अमृतसर में उद्यमिता विकास संस्थान**

**4131. श्री गुरजीत सिंह औजला:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार के पास अमृतसर में पर्यटन, संबद्ध सेवाओं और खाद्य प्रसंस्करण पर केन्द्रित उद्यमिता विकास संस्थान की स्थापना की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ख)** क्या उक्त संस्थान की स्थापना स्थानीय उद्यमिता, कौशल विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और पर्यटन तथा एफपीआई में नए अवसर प्रदान करके छात्रों को लाभान्वित करेगी; और

**(ग)** क्या सरकार के पास क्षेत्रीय आर्थिक विकास और कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए उनके करियर के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने के लिए अमृतसर में कोई संस्थान स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** वर्तमान में, अमृतसर में उद्यमिता विकास संस्थान की स्थापना का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**(ख):** उपर्युक्त (क) के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

**(ग):** वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****